# बोलो राम बोलो राम

सुख भी तेरा दुःख भी तेरा सब में तेरी छाया है,
सुख दुःख दोनों तेरे प्रभु जी सब तेरी माया है,
बोलो राम बोलो राम बोलो राम जय जय राम,
सिया राम सिया राम सिया राम जय जय राम,

अपने अपने कर्मो से हम सुख और दुःख को पाते है,
जैसा कर्म करे जीवन में वैसे ये मिल जाते है,
पेड़ लगाया नीम का तो फल मीठा किसने खाया है,
सुख दुःख दोनों तेरे प्रभु जी सब तेरी माया है,
बोलो राम बोलो राम बोलो राम जय जय राम,

भाग रहे इस दुनिया में हम सारे सुख के पीछे,
न जाने कब मिल जाये ये दुःख हम को आखे मिचे,
दोश न तुझको दे हम आके कर्मो का फल आया है,
सुख दुःख दोनों तेरे प्रभु जी सब तेरी माया है,
बोलो राम बोलो राम बोलो राम जय जय राम,

मन में ज्ञान की ज्योत जला कर सत कर्मो में दीन रहे,
इतना दो वरदान हमें हम तुझमे ही लीं रहे,
तेरा अमृत समज के हमने ये जीवन अपनाया है.
सुख दुःख दोनों तेरे प्रभु जी सब तेरी माया है,
बोलो राम बोलो राम बोलो राम जय जय राम,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10096/title/bolo-raam-bolo-ram-sukh-bhi-tere-dukh-bhi-tera-sab-me-teri-chaya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |